52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 23.7 °c अधिकतम 34.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:54 सूर्यास्त : 6:45 | वर्ष : 52/ अंक : 238 | बुधवार, 28 अगस्त 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

यदि 'गुलाब' की तरह खिलना चाहते हो तो, काँटों के साथ तालमेल की कला सीखनी होगी

हमारी सरकार युवाओं को रोजगार देने की मुहिम में जुटी है : ब्रजेश पाठक



हाँ भला कर तेरा भला होगा.... और दरवेश की सदा क्या है......

# आंधी में कई खम्भे व पेड़ गिरे, अंधेरे में डूबा शहर

▸ रुड़की रोड पर खंभा और पेड़ गिरने से आपूर्ति हुई ठप्प ▸ पचैंडा रोड व सुजडू के पास बिजली के तारों पर टहना गिरने से अंधेरा ▸ अघोषित कटौती व ट्रिपिंग बनी समस्या

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** जन्माष्टमी पर चौबीस घंटे अबाध बिजली आपूर्ति के दावे जहां बिजली विभाग के निकम्मेपन से हवा हवाई साबित हो गए, वहीं लगातार अघोषित कटौती और ट्रिपिंग की समस्या के बीच आज थोड़े समय के लिए शाम के समय आई आंधी ने शहर के कई इलाकों को अंधेरे में डुबो दिया। इसके चलते आज करीब आधा दर्जन बिजली के खम्भे गिर गए और अनेकों स्थानों पर पेड़ गिरने से आपूर्ति बाधित हुई। रुड़की रोड पर एक पेड़ और एक खंभा गिरने से बड़े इलाके की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। सूजडू के पास पेड़ की टहनियां टूट कर गिर जाने से इंडस्ट्रियल एरिया के कुछ इलाकों में आपूर्ति बाधित हुई। गढ़ी पचैंडा बिजलीघर से जुडे इलाकों में कई घंटों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

शासन और मंत्री स्तर से तमाम फटकार के बावजूद शहर की बिजली आपूर्ति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। जन्माष्टमी पर मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश में चौबीस घंटे आपूर्ति के आदेश दिए थे, लेकिन शहर में तमाम स्थानों पर बिजली विभाग की अक्षमता नजर आती रही और तमाम स्थानों पर लगातार ट्रिपिंग के चलते लोग परेशान रहे। इससे जरूरी काम भी बाधित हुए। इस कोढ में खाज की तरह देर शाम अचानक थोड़े समय के लिए आई तेज हवाओं ने रही सही कसर पूरी कर दी। इसके चलते तमाम स्थानों पर बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई। इसमें करीब आधे घंटे बाद काफी स्थानों पर आपूर्ति बहाल कर दी गई, लेकिन जिला अस्पताल बिजली घर के पास पोल गिर जाने से इस बिजलीघर से जुड़े तमाम इलाकों में आपूर्ति ठप्प हो गई। क्षेत्र वासियों का कहना है कि यहां पुलिया पर दो पोल नीचे से गल जाने के कारण टेढ़े हुए खड़े थे। इसे लेकर सुबह से लोगों ने शिकायत कर रखी थी। लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। देर शाम तेज आंधी आई तो पोल धराशाही हो गए और इसके साथ ही आपूर्ति भी बंद हो गई। इससे रुड़की रोड, आनंदपुरी, गंगारामपुरा, मल्हूपुरा, रामपुरी, लद्दावाला आदि इलाकों में आपूर्ति ठप्प हो गई। इसके साथ ही रुड़की चुंगी के पास एक पेड़ गिर जाने से इस इलाके में सड़क यातायात भी बाधित हुआ। सूजडू के पास पेड़ का टहना टूटकर लाइन पर गिरने से औद्योगिक फीडर के बड़े हिस्से में आपूर्ति बंद हो गई। गढ़ी पचैंडा बिजलीघर की आपूर्ति कई घंटे बाधित रही। एसडीओ ने बताया कि लाइन पर पेड़ टूटकर गिरने से आपूर्ति में बाधा पड़ी। देर रात आपूर्ति बहाल कर दी गयी।

शेष - पृष्ठ-4 पर

**मुख्य अभियंता बोले :** देर शाम आई आंधी से जिला चिकित्सालय के पास पोल गिरने और सूजडू के पास तारों पर पेड़ की डाली टूट कर गिरने से औद्योगिक क्षेत्र के कुछ इलाकों की आपूर्ति बाधित हुई है। शहर में कुछ इलाकों में जहां आपूर्ति बाधित हुई थी, उसे आधे घंटे में दुरुस्त कर दिया गया। रुड़की रोड पर जिला अस्पताल और औद्योगिक क्षेत्र में सूजडू के पास बाधित हुई आपूर्ति को बहाल करने के लिए टीमें लगी हैं और रात तक इसे बहाल कर दिया जाएगा।

**पवन कुमार अग्रवाल, मुख्य अभियंता**



रुड़की रोड पर तेज हवाओं के चलते बीच सड़क पर गिरा पेड़

## मोदी ने पुतिन से टेलीफोन पर बात की,जेलेंस्की की चर्चा की

**नयी दिल्ली, 27 अगस्त (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की यात्रा से लौटने के तीन दिन बाद मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से टेलीफोन पर बात की और



यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ हुई बातचीत पर चर्चा की। श्री मोदी ने 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, "आज राष्ट्रपति पुतिन से बात हुई। विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।" प्रधानमंत्री ने कहा, "रूस-यूक्रेन संघर्ष और यूक्रेन की हालिया यात्रा पर मेरी अंतर्दृष्टि पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।"

## अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन सितंबर तक बढ़ी

**नयी दिल्ली, 27 अगस्त (वार्ता)** दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को तीन सितंबर तक के लिए बढ़ा दी गई। दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री की न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया दी। अदालत ने इसके अलावा श्री केजरीवाल के खिलाफ दायर सीबीआई के पूरक आरोपपत्र पर अपना फैसला तीन सितंबर तक के लिए सुरक्षित रख लिया। इस पूरक आरोपपत्र में पांच अन्य लोगों पर कथित घोटाले से शामिल होने के आरोप लगाए हैं।



## मायावती छठी बार बसपा अध्यक्ष निर्वाचित

**लखनऊ 27 अगस्त (वार्ता)** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती छठी बार बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष निर्वाचित हुयी हैं। बसपा दफ्तर में बुलायी गयी पार्टी की केन्द्रीय कार्यकारिणी तथा स्टेट पार्टी यूनिट के वरिष्ठ पदाधिकारियों में मंगलवार को यह निर्णय लिया गया है। बैठक में मायावती को सर्वसम्मति से एक बार फिर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक का मुख्य एजेण्डा बसपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का चुनाव होना था, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चन्द्र मिश्रा ने मायावती को फिर से पार्टी अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव किया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।




## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में 14 सुरक्षाकर्मी की मृत्यु, 21 आतंकवादी मारे गए: सेना

**इस्लामाबाद, 27 अगस्त (वार्ता )** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में अभियान में 14 सुरक्षाकर्मी और 21 आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि आतंकवादियों ने बलूचिस्तान में कई जघन्य गतिविधियों को अंजाम देने का प्रयास किया, जिसका उद्देश्य मुख्य रूप से निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाकर प्रांत के शांतिपूर्ण माहौल और विकास को बाधित करना था। आईएसपीआर की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आतंकवादियों ने बलूचिस्तान के विभिन्न इलाकों, खासकर मूसा खेल, कलात और लास बेला जिलों में हमले किए हैं, जिसमें कई लोग मारे गए और घायल हुए हैं।

## कंगना की फिल्म इमरजेंसी पर रोक की मांग को लेकर याचिका

**चंडीगढ़, 27 अगस्त (वार्ता)** अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत की फिल्म इमरजेन्सी के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग को लेकर एक जनहित याचिका पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में दाखिल की गयी है। फिल्म छह सितंबर को प्रदर्शित होनी है। वकील ईमान सिंह खारा और दीपेन्द्र सिंह विर्क ने याचिककर्ता गुरिंदर सिंह और जगमोहन सिह की तरफ से दाखिल याचिका में अदालत से अनुरोध किया है कि फिल्म में सिख समुदाय को निशाना बनाते हुये गलत चित्रण किया गया है जिससे पंजाब का सांप्रदायिक सद्भाव का माहौल और शांति बिगड़ सकती है, इसलिये फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगायी जाये। याचिका में मांग की गयी है कि फिल्म से विवादास्पद दृश्य हटाने/ बदलने के बाद ही फिल्म को प्रदर्शित होने की अनुमति दी जाये।



## हरियाणा में जेजेपी 70 और चंद्रशेखर आजाद की पार्टी 20 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**नई दिल्ली 27 अगस्त (वार्ता)** हरियाणा में जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन किया है जिसमें जेजेपी 70 और एएसपी 20 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और एएसपी प्रमुख एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की। दोनों युवा नेताओं ने कहा कि यह गठबंधन हरियाणा को मजबूती से आगे लेकर जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों मिलकर गरीब, किसान, कमेरे वर्ग की लड़ाई को लडेंगे और जननायक चौधरी देवीलाल तथा मान्यवर कांशीराम के सपनों को साकार करेंगे।

# दोस्त ने ही बहन के प्रेमी की ईंटों से सिर कुचलकर की थी हत्या

▸ बहन से फोन पर बात करते देख आया खून में उबाल ▸ दोस्त के साथ शराब पी और उसकी हत्या कर शव फेंका

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** थाना फुगाना पुलिस ने ईंटों से सिर कुचलकर की गई युवक की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए अभियुक्त को फुगाना पुल से आगे आम के बाग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही से हत्या के समय पहना हुआ खून से सना लोवर बरामद किया गया।

पुलिस लाइन सभागार में एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने थाना फुगाना क्षेत्र में हुई हत्या का खुलासा करते हुए जानकारी दी कि थाना फुगाना पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम करौदा महाजन के जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पडा हुआ है। सूचना पर फुगाना पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा तथा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए साक्ष्य एकत्रित किये गये। मृतक की पहचान विकास पुत्र जगपाल निवासी ग्राम खरड़ थाना फुगाना के रूप में हुई। थाना फुगाना पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच के बाद हत्या के मामल में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लियौ। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अंकित पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम खरड़ थाना फुगाना बताया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त अंकित ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह और मृतक विकास दोस्त थे, एक ही गुड़ बनाने की भट्टी पर काम करते थे तथा एक ही साईकिल से आते जाते थे। विकास का प्रेम प्रसंग उसकी बहन से हो गया था। उसने उसे बहन से फोन पर बात करते देख लिया था। 20 अगस्त की शाम 08.00 बजे दोनों ने साईकिल से शराब के ठेके पर पहुंचकर शराब खरीदी और खेत में जाकर शराब पीने लगे। इसी दौरान वह थोड़ी दूर चला गया। वापस आकर देखा तो विकास फोन पर उसकी बहन से बात कर रहा था। शक होने पर विकास ने फोन काट दिया, जिससे मुझे यकीन हो गया कि विकास का प्रेम प्रसंग मेरी बहन से है। इसी बात को लेकर रोष में उसने विकास के सर में ईंट से कई वार किये। इससे उसकी मृत्यु हो गयी तथा शव को ईख के खेत में डाल कर वहां से अपने घर चला गया। वहां जाकर उसने अपने कपड़े बदले तथा किसी को शक न हो इसके लिए वापस भट्टी पर जाकर सो गया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।






## जेलर को मिली धमकी मामले में मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** जिला जेल के जेलर राजेश सिंह ने खुद को धमकी दिये जाने के मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस ने भी मामला दर्ज कर मामले की जांच पडताल अब शुरू कर दी है। जेलर राजेश कुमार ने आरोप लगाया था कि दो महीने जेल मे बन्द रहने वाले बर्खास्त इंस्पेक्टर अमित कुमार ने जेल से रिहा होने पर उन्हें धमकी दी है। जेलर राजेश सिंह का आरोप है कि बर्खास्त इंस्पेक्टर अमित कुमार जेल में बंद रहते उन पर अनुचित दबाव बनाया करते थे। जिसमें बिना पर्ची मुलाकात तथा अन्य बातों को लेकर दबाव बनाया जाता था। जेलर राजेश सिंह की शिकायत पर अमित कुमार के खिलाफ अभद्रता, धमकी जैसे आरोपों के चलते केस दर्ज किया गया है।

## कोलकाता पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठ चार्ज किया,चार छात्र गिरफ्तार

**कोलकाता, 27 अगस्त (वार्ता)** पश्चिम बंगाल में प्रशिक्षु डॉक्टर दुष्कर्म और हत्याकांड के खिलाफ हावड़ा ब्रिज के पास मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने मंगलवार को लाठी चार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने एक बयान में कहा कि कथित तौर पर हिंसा भड़काने की योजना बनाने के आरोप में चार छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शनकारी सचिवालय तक मार्च करने वाले थे। गिरफ्तारी पर पुलिस का बयान भारतीय जनता पार्टी नेता शुभेंदु अधिकारी के उस आरोप के कुछ घंटों बाद आया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि 4 छात्र हावड़ा स्टेशन से लापता हैं, जहां उन्हें आखिरी बार राज्य सचिवालय जाते समय स्वयं सेवकों को भोजन वितरित करते देखा गया था।

## जन्माष्टमी के दूसरे दिन योगी ने की गोसेवा

**गोरखपुर, 27 अगस्त (वार्ता)** अनुशासन प्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व्यस्त दिनचर्या के बावजूद ईश्वर की आराधना और



गोसेवा के लिये समय निकाल ही लेते हैं। सोमवार को बंशीधर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद योगी ने मंगलवार की शुरुआत गोरखनाथ मंदिर में गोसेवा से की। सोमवार रात गोरखनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाने के बाद श्री योगी ने आजसुबह मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोशाला का भ्रमण कर गोवंश का हाल जाना और उन्हें खूब दुलारकर अपने हाथों से गुड़ और केला खिलाया।

## 1 से 15 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाएगी योगी सरकार

**लखनऊ, 27 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की पहचान को स्वच्छ प्रदेश के तौर पर स्थापित करने के लिए प्रयासरत योगी सरकार एक सितंबर से 15 सितंबर तक प्रदेश में 'स्वच्छता पखवाड़ा' मनाने जा रही है। 15 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों और शिक्षकों के साथ समुदाय के लोग भी सक्रिय रूप से हिस्सा लेंगे। इसको लेकर विभागीय स्तर पर तैयारियों को अंजाम दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 'स्वच्छता पखवाड़ा' के पहले दिन 'स्वच्छता शपथ' दिलाई जाएगी, जिसमें छात्र, शिक्षक और स्टॉफ के साथ ही अन्य नागरिकों की भी सहभागिता होगी। शपथ दिलाने के बाद विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां शुरू होंगी। निर्धारित कार्यक्रमों और गतिविधियों को अवकाश पड़ने की स्थिति में अगले दिन होने वाले कार्यक्रमों के साथ संपन्न कराया जाएगा।

## यूपी में आठ रेलवे स्टेशनों के नाम बदले

**लखनऊ, 27 अगस्त (एजेंसी)।** लखनऊ डिवीजन के 8 रेलवे स्टेशनों के नाम बदल दिए गए हैं। जिन स्टेशनों के नाम बदले गए हैं, उनके नाम कासिमपुर हाल्ट, जैश, मिसरौली, बानी, निहालगढ़, अकबरगंज, वजीरगंज हाल्ट, फुरसतगंज है। कासिमपुर हाल्ट का नाम बदलकर जायस सिटी, जैश का नाम बदलकर गुरु गोरखनाथ धाम, मिसरौली का नाम बदलकर मां कालिकन धाम कर दिया गया है। वहीं बानी का नाम बदलकर स्वामी परमहंस, निहालगढ़ का नाम बदलकर महाराजा बिजली पासी, अकबरगंज का नाम बदलकर मां अहोरवा भवानी धाम, वजीरगंज हाल्ट का नाम बदलकर अमर शहीद भाले सुल्तान और फुरसतगंज का नाम बदलकर तपेश्वरनाथ धाम कर दिया गया है।

## देर रात हुई दो पक्षों में मारपीट और पथराव में कार्रवाई

### पुलिस ने तीन हुड़दंगियों को सलाखों के पीछे भेजा

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के सरवट फाटक रविदास मंदिर के निकट देर रात दो पक्षों में शराब पीकर कहासुनी और मारपीट के बाद तनाव के बाद दोनों पक्षों में पथराव हो गया। पथराव की सूचना मिलते ही थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लाठी फटकारते हुए दोनों पक्षों को शांत किया। इस पथराव में घायल हो गया एक पक्ष का युवक जिसको पुलिस ने तुरंत मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा। सूत्रों ने बताया कि एक पक्ष से गौरव, विपिन व दूसरे पक्ष से सिंटू के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों के युवकों ने शराब का सेवन किया हुआ था। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट के बाद पथराव हो गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जमकर पथराव किया। सूचना मिलते ही थाना सिविल लाइन प्रभारी ओम प्रकाश सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लाठियां फटकराते हुए दोनों पक्षों के लागों को शांत किया। पथराव में सिंटू घायल हो गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भिजवा दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्ष एक दूसरे पर पथराव करने का आरोप लगा रहे थे। जांच के बाद सिंटू पक्ष की तहरीर पर गौरव, विपिन व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस इस मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर तीन लोगों को गिरफ्तार कर तीनों को जेल भेज दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों को चेतावनी भी दी है।







मौके पर पड़ी ईंटे, आरोपी को ले जाती पुलिस व मारपीट में घायल युवक

# बकरा मार्केट में महिला का फांसी लगा शव मिलने से सनसनी

▸ मायके वालों ने लगाया दहेज के लिए उत्पीड़न व हत्या का आरोप ▸ ससुराल पर छोटी बहन को दिए दहेज में हिस्सा मांगने का लगाया आरोप

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बकरा मार्किट स्थित मौहल्ला गढ़ी गौरवान में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। महिला के परिजनों ने उसके पति पर मारपीट कर फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा भी किया। सीओ सिटी व थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को शांत करते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार नगर के बकरा मार्किट स्थित मौहल्ला गढ़ी गोरवान निवासी वसीम की शादी 16 साल पूर्व हरिद्वार जनपद के झबरेड़ा गांव निवासी अब्दुल सत्तार की बेटी अंजुम के साथ हुई थी। शादी के बाद उसके तीन बच्चे भी हैं। मंगलवार सुबह डॉयल 112 को सूचना मिली कि मौहल्ला गढ़ी गौरवान में महिला की हत्या कर दी गयी है। जैसे ही उक्त सूचना पर डायल 112 व शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, तो पुलिस ने उक्त घर पर जाकर जांच की। जांच के दौरान मकान के एक कमरे में महिला का शव बैड पर पड़ा मिला। सूत्रों के अनुसार घटना के बाद से महिला का पति व जेठ घर से फरार थे, जबकि महिलाएं घर में मौजूद थी। इसी बीच सूचना मिलने पर मृतक महिला के परिजन भी मौके पर आ गए। सूत्रों के अनुसार वसीम अपने परिवार के साथ मकान के ऊपरी हिस्से में रहता है, जबकि उसका बडा भाई मकान के निचले हिस्से में रहता है। रात्रि मे महिला का बडा बेटा अर्स अपनी मां के साथ सो रहा था, जबकि अन्य दोनों बच्चे परिजनों के साथ सो रहे थे। मृतका के बेटे ने पुलिस को बताया कि रात्रि में जब उसकी आंख खुली तो पापा मम्मी को फांसी के फंदे से नीचे उतार रहे थे। वहीं अंजुम के भाई कलीम ने पुलिस को बताया कि उसकी छोटी बहन की शादी होनी थी, सगाई के लिए बहन की ससुराल वालों सामान भेजा गया था,जिसकी जानकारी अंजुम व उसके पति वसीम को दी गयी थी। उसका जीजा भी सामान की मांग कर रहा था। जिस कारण रात्रि में वसीम ने उसकी बहन से मारपीट की। आरोप है कि उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। उसके शरीर पर चोट के निशान भी थे। थाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया कि प्रथमदृष्टया महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।







मृतका का फाइल फोटो

## शामली रोड पर दो बाइकों की भिड़न्त में पिता पुत्री की मौत

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** थाना तितावी क्षेत्र में पानीपत-खटीमा हाईवे पर दो बाइकों के आपस में टकरा जाने के कारण पिता पुत्री की दर्दनाक मौत हो गई, पुलिस द्वारा दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नई मंडी थाना क्षेत्र के मेघाखेड़ी गांव निवासी 35 वर्षीय इंद्रपाल अपनी आठ साल की बेटी शिवानी को बाइक पर लेकर शामली से वापस अपने गांव लौट रहा था। तितावी थाना क्षेत्र में फ्लाईओवर के पास मुजफ्फरनगर की ओर से आ रही बाइक से उनकी टक्कर हो गई। बाइक आमने-सामने टकराने से पिता-पुत्री के साथ दूसरी बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बघरा अस्पताल में भर्ती कराया। मासूम शिवानी की अस्पताल में मौत हो गई। परिजन गंभीर हालत में इंद्रपाल को मेरठ ले गए। रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। दूसरी बाइक पर सवार युवक हरियाणा के पानीपत का बताया गया है। परिजन उसे उपचार के लिए अपने साथ ले गए। मृतक इंद्रपाल के भाई राजू ने तितावी थाने में तहरीर दी है।

## तेज हवाओं के साथ बारिश ने बदला मौसम का मिजाज

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)।** नगर में दिन भर बादलों के साथ कड़क धूप के चलते जहां लोग उमस से बेहाल रहे, वहीं देर शाम अचानक तेज आंधीनुमा हवाओं के साथ आई थोड़े समय की बारिश ने थोड़ी राहत दी। हालांकि अनेक स्थानों पर आंधी में पेड़ व बिजली के पोल गिरने से समस्या खड़ी हो गई। भोपा रोड पर एक पेड़ गिरने से यातायात घंटों बाधित रहा। रुडकी रोड पर पेड़ गिरने से एक व्यक्ति उसके नीचे दबकर गंभीर घायल हो गया। बामुश्किल उसे निकाला गया। नगर में अधिकतम तापमान 34.0 और न्यूनतम 23.7 डिग्री रहा और 4.0 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। नगर में देर शाम हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। साथ ही चिपचिपाती उमस से राहत मिली है। दिन भर धूप और बादलों की लुकाछिपी का खेल चलता रहा। इसके साथ ही तेज ठंडी हवा ने उमस से भी राहत दिलाई। कुछ इलाकों में हल्की बारिश भी हुई। मंगलवार के लिए मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी किया था, लेकिन तेज बारिश नहीं हुई। मौसम विभाग की मानें तो बुधवार को आसमान में बादल छाए रहेंगे। बुधवार के लिए भी बारिश का यलो अलर्ट है और हवा भी चलेगी। अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहने का अनुमान है। आसमान में बादल छाए रहने व हल्की बारिश का यह दौर दो सितंबर तक जारी रहेगा।



भोपा रोड पर पेड़ गिरने के बाद जाम हुई सड़क

# यूपी: योगी कैबिनेट में पेश 14 प्रस्तावों में 13 पर लगी मुहर

▸ ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजना को मंजूरी ▸ पारिवारिक संपत्ति बंटवारे पर स्टांप शुल्क में छूट

**लखनऊ, 27 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी कैबिनेट की आज हुई बैठक में 14 प्रस्ताव पेश किए गए। इसमें से 13 पर कैबिनेट ने अपनी मुहर लगाई। इन प्रस्तावों में जलशक्ति विभाग/- जलजीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना संचालन हेतु अनुरक्षण नीति 2024 को मंजूरी मिली है। जिन ग्राम में कार्य पूरा हो चुका है,उसके रख रखाव मेंटिनेंस हेतु अनुरक्षण नीति लाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में लोकभवन में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगा दी गई। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विभाग के पर्यटक आवास गृहों हेतु निजी प्रबंधन पर चल रहे आवास गृहों को 15+15 कुल 30 वर्ष के लीज पर दिए जाने के प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह घाटे में चल रहे या बंद हो चुके आवास गृहों हेतु प्रस्ताव पास किया गया है। माध्यमिक शिक्षाविभाग में संस्कृत छात्रों के छात्रवृत्ति में बढोत्तरी के सम्बन्ध में प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। पारिवारिक सम्बन्धियों के मध्य निष्पादित होने वाले बंटवारा-पत्र (विभाजन 'विलेख/पार्टीशन डीड) एवं व्यवस्थापन/समझौता पत्र (सेटलमेंट डीड) निष्पादित संव्यवहारों पर देय स्टाम्प शुल्क में छूट देने का प्रस्ताव पास हुआ है।



योगी कैबिनेट ने मंगलवार को बड़ा निर्णय लेते हुए 24 साल बाद प्रदेश में संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति में वृद्धि का निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश में संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए वर्ष 2001 से लागू वर्तमान छात्रवृत्ति दरों में संशोधन / वृद्धि के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। मालूम हो कि संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति को 24 साल बाद बढ़ाया गया है। इससे पूर्व आखिरी बार 2001 में छात्रवृत्ति तय हुई थी। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने इस प्रस्ताव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबंधित इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इसके अंतर्गत प्रथमा के कक्षा 6 एवं 7 के लिए 50 रुपए प्रतिमाह और कक्षा 8 के लिए 75 रुपए प्रतिमाह निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ ही, पूर्व मध्यमा (कक्षा 9 व 10) के लिए 100 रुपए, उत्तर मध्यमा (कक्षा 11 व 12) के लिए 150 रुपए, शास्त्री के लिए 200 रुपए एवं आचार्य के लिए 250 रुपए प्रति माह की दर से दिए जाने के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**इन प्रस्तावों पर लगी मुहर**

- -सेटलमेंट डीड के प्रस्ताव को मिली मंजूरी
- -डाटा सेंटर संशोधन नीति को मिली मंजूरी
- -संस्कृत छात्रों के लिए स्कॉलरशिप बढ़ी
- -ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल आपूर्ति योजना को मंजूरी
- -रख रखाव मेंटिनेंस के लिए अनुरक्षण नीति लाई जा रही



## आज का इतिहास

नई दिल्ली, 27 अगस्त (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 28 अगस्त की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं-1521-तुर्की के सुल्तान सुलेमान प्रथम के सैनिकों ने बेलग्रेड पर कब्जा किया। 1600-मुगलों ने अहमदनगर पर कब्जा किया। 1845-प्रसिद्ध पत्रिका साइंटिफिक अमेरिकन का पहला संस्करण छपा। 1858-उंगलियों के निशान को पहचान बनाने वाले ब्रिटेन के विलियम जेम्स हर्शेल का जन्म। 1896-प्रसिद्ध उर्दू शायर फि राक गोरखपुरी का जन्म। 1904-कलकत्ता से बैरकपुर तक प्रथम कार रैली का आयोजन। 1914-पहला विश्व युद्ध शुरू। 1916-प्रथम विश्वयुद्ध में इटली ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1922-जापान साइबेरिया से अपने सैनिकों को वापस बुलाने पर सहमत हुआ। 1924-जॉर्जिया में सोवियत संघ के खिलाफ असफल विद्रोह में हजारों लोगों की मौत। 1956-इंग?लैड ने क्रिकेट में ऑस्?ट्रेलिया को हटाकर एशेज श्रृंखला पर कब?जा जमाया। 1972-साधारण बीमा कारोबार राष्ट्रीयकरण बिल पारित। 1984-सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया। 1986-भाग?यश्री साठे शतरंज में ग्रैंडमास?टर बनने वाली भारत की पहली महिला बनी। 1990-इराक ने कुवैत को अपना 19वां प्रांत घोषित किया। 1992-श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने टेस्ट कॅरिअर की शुरूआत की। 1996-इंग्लैंड के प्रिंस चार्ल्स और उनकी पत्नी डायना ने औपचारिक तौर पर तलाक लिया। 1999-मेजर समीर कोतवाल असम में उग्रवादियों के एक गुट के साथ मुठभेड़ में शहीद। 2008-अंतरराष्ट्रीय पत्रिका फोर्ब्स ने उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री मायावती को दुनिया की 100 शक्तिशाली महिलाओं में शामिल किया। 2008-प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने बिहार में आयी बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया। 2011-माओवादी नेता डॉ. बाबूराम भट्टराई तराई के मधेसी गठबंधन के समर्थन से नेपाल के नए प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए। 2013-गुजरात के वडोदरा शहर में तीनमंजिलाइमारत ढहने से 11 लोगों की मौत। 2017-पी.वी. सिंधु ने बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में रजत जीता। 2018-भारत के मंजीत सिंह ने जकार्ता एशियाई खेलों की पुरुष 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 73900 | चांदी- | 87400 |
| सिक्का- | 96000 | गिन्नी- | 55150 |

## आपका आज का राशिफल

बुधवार, 28 अगस्त, 2024

**मेष-** अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, समस्या के समाधान हेतु स्वजनों से विचार-विमर्श, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, वरिष्ठजनों से सम्पर्क।

**वृषभ-** स्वाध्याय की ओर रुचि, घरेलू समस्याएँ पक्ष में सुलझने की ओर, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, बुद्धि-विवेक से किया गया कार्य लाभप्रद, कर्ज की निवृत्ति।

**मिथुन-** सामयिक कार्यों में अनुकूलता, वाक्पटुता से संकल्पसिद्धि, व्यापारिक क्षेत्र में नवपरिवर्तन की योजना फलीभूत, वैवाहिक जीवन में सुख शांति।

**कर्क-** भाग्योन्नति का मार्ग अवरुद्ध, कार्य व्यवसाय में नुकसान, बनी-बनाई योजना किसी कारणवश अधूरी, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, भौतिक सुख में कमी।

**सिंह-** कार्यों में उन्नति का सुयोग, सुपरिचितों के सहयोग से समस्या का समाधान, शारीरिक अनुकूलता, राजनीतिक गतिविधियों की ओर रुझान, आत्मिक शांति।

**कन्या-** आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में प्रगति हेतु नव प्रयास सार्थक, वाद-विवाद में कमी, किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, प्रेमसम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा संतोषजनक।

**तुला-** स्वास्थ्य बेहतर, आत्मविश्वास से कुछेक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, विवाद के समापन का मार्ग प्रशस्त, उन्नति की दिशा में प्रयास सार्थक, मनोरंजन में रुचि।

**वृश्चिक-** समय विपरीत, जल्दबाजी में किया गया कार्य व लिया गया निर्णय अहितकर, आत्मीयजनों में कटुता, स्वास्थ्य में व्यवधान, निजी इच्छा की पूर्ति में बाधा।

**धनु-** अधूरे व नवकार्यों की पूर्ति हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, संभावित यात्रा सफल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

**मकर-** बहुप्रतीक्षित योजना साकार होने की ओर, भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, किसी के माध्यम से बकाये धन की प्राप्ति, भोग-विलासिता की ओर रुझान, सत्संग।

**कुम्भ-** समय संतोषजनक, आर्थिक व्यापारिक पक्ष में उन्नति का सुयोग, विवाद का निर्णय पक्ष में, परिवार में मांगलिक आयोजन सम्पन्न, विरोधी पराभूत।

**मीन-** परिस्थितियां भाग्य के प्रतिकूल, आहार-विहार की अनियमितता से स्वास्थ्य पर कुप्रभाव, लाभार्जन का मार्ग अवरुद्ध, आर्थिक लेन-देन से हानि।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

**राम-कृष्ण की भक्ति की धूम...** भगवान श्री राम के जयघोष के बीच श्री रामलीला के ध्वज का विधिवत पूजन कराकर की गई स्थापना

# शाहपुर में भगवान कृष्ण की भव्य शोभायात्रा का आयोजन

### श्याम पाल भाई जी, अरुण मित्तल, उमेश मित्तल ने किया शोभायात्रा का शुभारंभ, पहली बार ठाकुर जी के साथ श्याम बाबा की सवारी भी निकाली





शाहपुर, 27 अगस्त (बु.)। नगर में आज श्री आदर्श रामलीला कमेटी एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति के संयुक्त तत्वाधान में भगवान श्री कृष्ण की भव्य पालकी शोभायात्रा नगर के प्राचीन शिव मंदिर से विभिन्न मोहल्लों में होते हुए वापस प्राचीन मंदिर शिवालय पर ही संपन्न हुई । शोभायात्रा में आकर्षक झांकियों एवं रंग बिरंगी आतिशबाजी ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शाहपुर में देर शाम श्री रामलीला के झंडे का पूजन प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त एवं प्रमुख समाजसेवी उमेश मित्तल श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक श्याम पाल भाई जी ने संपन्न कराया। इस अवसर पर श्री आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुनील मित्तल सभासद मनोज सैनी एवं धार्मिक कार्यो में अग्रसर रहने वाले राधेश्याम नामदेव भी मौजूद रहे। विद्वान पंडित विजयपाल शर्मा ने पालकी एवं झंडे के पूजन की प्रक्रिया को विधिवत संपन्न कराया। श्री आदर्श रामलीला कमेटी रजिस्टर्ड एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति शाहपुर के अथक प्रयास से पुरानी परंपरागत रूप से 5 दशकों से चली आ रही भगवान श्री कृष्ण की भव्य पालकी यात्रा को आज फिर से बैंड बाजों के साथ नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गयी। थाना प्रभारी बृजेश शर्मा चौकी प्रभारी रविंद्र यादवके साथ-साथ थाने की पुलिस फोर्स एवं पीएसी पूरी शोभायात्रा में मौजूद रहे। शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। वही डीजे की धुन पर श्रद्धालु थिरकते नजर आए आतिशबाजी का नजारा भी दर्शनीय रहा। स्थान स्थान पर शोभायात्रा का सपनो सरीखा स्वागत किया गया तथा पालकी में सवार कान्हा की पूजन कर आरती उतारी गई एवं प्रसाद ग्रहण किया। पहली बार ठाकुर जी के साथ श्याम बाबा की भी सवारी निकली।

प्राचीन शिव मंदिर शिवालय पर भगवान कृष्ण की नई नवेली आकर्षक पालकी का पूजन एवं भव्य शोभायात्रा का विधिवत उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल संगल भाई जी, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण मित्तल प्रमुख समाज सेवी उमेश मित्तल, के कर कमलो द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर सभासद मनोज सैनी भाजपा नेत्री रूबी सैनी श्री आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुनील मित्तल, प्रबंधक बालेश सिंघल, राधेश्याम नामदेव, डॉ. अनुज अग्रवाल, अनिल बंसल, प्रवेश गोयल, पवन सक्सेना, दिनेश पाल नंदा, अक्षय गोयल, अर्पित गोयल, नीरज कर्णवाल, गोल्डी, सोनू नामदेव, सावंत नामदेव, बबलू नामदेव, आदि मौजूद रहे।

इससे पूर्व भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष रूबी सैनी ने पालकी पूजन कराया। पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण मित्तल वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी। डॉ. अनुज अग्रवाल सभासद मनोज सैनी आदि ने ठाकुर जी को पालकी में विराजमान कराया। वहीं इस अवसर पर श्री रामलीला के झंडे का पूजन हुआ देर शाम बैंड बाजे के साथ ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर संघ नेता मणिकांत मित्तल, मनोज सैनी एवं नगर पंचायत के पूर्व वाइस चेयरमैन चौधरी चंद्रवीर सिंह, अनिल गोयल, भंवर पाल कश्यप, शिवम अग्रवाल, अंकित सिंघल, अक्षय अग्रवाल, परवीन शर्मा, अर्पित गोयल, निशांत शर्मा, अनिल बंसल, श्री आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुनील मित्तल, प्रबंधक बालेश सिंघल एवं वरिष्ठ पदाधिकारी दिनेश पाल नंदा, मनोज अग्रवाल, प्रवेश अग्रवाल, प्रमोद कर्णवाल, विशाल कर्णवाल, नीरज कर्णवाल गोल्डी, अमन मित्तल, रचित अग्रवाल, मोहित बंसल, अजय बंसल, पवन सैनी सुंदर गिरी, पवन सक्सेना, बबलू नामदेव, वंश बंसल, हनु सिंघल, अनमोल सिंघल आदि मौजूद रहे और श्री रामलीला के ध्वज का वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा पूजन कराया।

बैंड बाजे के साथ श्री रामलीला के ध्वज की रामलीला मैदान में स्थापना की गई। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक श्यामपाल संगल भाई जी, अरुण मित्तल, बालेश सिंघल, अनिल बंसल, उमेश मित्तल, सुनील मित्तल, अमन मित्तल, भारत सैनी, चन्द्रवीर सिंह, मनोज सैनी, सोनू सैनी, सुदेश अग्रवाल, महीपाल सैनी, भंवर पाल कश्यप, पवन सक्सेना, पवन सैनी, ब्रज मोहन कोरी, सचिन संगल, प्रवेश गोयल, अर्पित गोयल, प्रमोद गर्ग, राधेश्याम नामदेव, बबलू नामदेव, राजीव मेहरा, सुंदर गिरी, पंडित विजयपाल शर्मा, मनोज अग्रवाल, अमन मित्तल, कुंज मित्तल, विशाल गर्ग, प्रमोद कर्णवाल, विशाल कर्णवाल, अक्षय गोयल, निशांत शर्मा, अंकित सिंघल, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य मनोज कुमार, अक्षय गोयल, अंकित सिंघल, अर्पित गोयल, लावनीश सिंघल अजय बंसल उपस्थित रहे।

उधर नगर व क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। मन्दिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इसके अलावा गांव पलडा में निकाली गई श्री कृष्ण शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व विधायक उमेश मलिक पूर्व चेयरमैन परमेश सैनी राजेश सिंघल ने किया। इस दौरान रजत बंसल, राजीव गर्ग, सुशील प्रजापति, विमल सैनी, सुनील प्रजापति, अक्षय सिंघल, पंकज शर्मा, नीरज शर्मा मौजूद रहे।

## छेड़छाड़ करने पर मुकदमा दर्ज, पुलिस तलाश में जुटी

जानसठ, 27 अगस्त (बु.)। क्षेत्र के गांव कवाल में एक व्यक्ति ने महिला के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकत की। महिला के पति ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस तलाश में जुटी।

गांव कवाल के रहने वाले एक व्यक्ति ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी एक व्यक्ति उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ करते चले आ रहा है। उसने तहरीर में बताया कि वह व्यक्ति आपराधिक किस्म का व्यक्ति है, उसके खिलाफ जनपद में कई मुकदमे दर्ज हैं। वह गांव व मोहल्ले की औरतों को परेशान करता रहता है। उन पर अश्लील फबतिया कसता है। जब मेरी पत्नी पशुओं का चारा लेने खेत में जाती है। वह उसके साथ अश्लील हरकतें करने का प्रयास करता है। उसने तहरीर में बताया कि उस व्यक्ति ने मेरी पत्नी के साथ दो माह पहले भी छेड़छाड़ की थी। जिसकी शिकायत मैंने थाने पर लिख कर दी थी, लेकिन शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। उसने बताया कि 13 अगस्त की शाम को लगभग आठ बजे मेरी पत्नी घर पर अकेली थी। उक्त व्यक्ति ने दरवाजे से ताक झांक शुरू कर दी। विरोध करने पर वह दरवाजा खोलकर घर में घुस गया। उसने मेरी पत्नी के कपड़े फाड़ दिए। वह उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। मेरी पत्नी के शोर मचाने पर मोहल्ले वालों के आ जाने की वजह से वह वहां से भाग गया। कोई भी कार्यवाही करने पर गोली मारने की धमकी देकर गया। एसएसआई जितेंद्र कुमार ने बताया कि महिला के पति की तहरीर के आधार पर बीरबल उर्फ बली पुत्र राम सिंह निवासी कवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### ब्लॉक प्रमुख ने गोशाला में गौ पूजन किया

मीरापुर, 27 अगस्त (बु.)। गांव मुझेड़ा सादात की अमृत गोशाला में जन्माष्टमी के अवसर पर गो पूजन किया गया। जानसठ ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र सिंह ने गोशाला में सभी गोवंश को माला पहनाई तथा गुड का भोग लगाया। बाद में उन्होंने ग्राम सचिव शिवम कौशिक से गोवंश के रख रखाव के बारे में जानकारी की।

## टीबी से ग्रस्त 40 बच्चों को राशन व पोषण पोटली वितरित

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मरीजों को इलाज के साथ मिल रहा भावनात्मक सहयोग

**इलाज के साथ साथ इनका भावनात्मक सहयोग भी जरूरीः डॉ. लोकेश गुप्ता**



मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)। रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर मिडटाउन सेंचुरियन क्लब द्वारा टी.बी. से ग्रस्त 40 बच्चों के लिए राशन का वितरण जैन कन्या इंटर कॉलेज, प्रेमपुरी में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीए नितिन कुमार अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2025-26 और विशिष्ट अतिथि रोटेरियन सुनील अग्रवाल, जोनल कोऑर्डिनेटर जोन 6, ब्लड डोनेशन 23-25, एन्ड पोलियो न्यू चेयर 2024-25 थे।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश चंद गुप्ता ने बताया कि मिडटाउन सेंचुरियन क्लब द्वारा टी.बी. से ग्रस्त 40 बच्चों के लिए राशन का वितरण जैन कन्या इंटर कॉलेज, प्रेमपुरी में किया गया। उन्होंने बताया कि टीबी के मरीजों को निक्षय पोषण अभियान अंतर्गत प्रतिमाह पांच सौ रुपये का भुगतान किया जाता है। इसके अलावा मरीज का इलाज व सभी जांच निशुल्क की जाती है। उन्होंने कहा कि टीबी मरीज खुद को अकेला ना समझे स्वास्थ्य विभाग सदैव उनके साथ खड़ा है, क्योंकि जल्द ही पूरे देश से टीबी को खत्म करना है, इसमें सामाजिक संस्थाओं का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। डीटीओ ने बताया कि योजना अंतर्गत गोद लिए बच्चों को एक किलो मूंगफली, एक किलो भुना चना, एक किलो गुड़, एक किलो सत्तू, एक किलो तिल/गजक और एक किलो न्यूट्रिशन सप्लीमेंट(हॉर्लिक्स, बॉर्नविटा, कॉम्प्लान) का वितरण किया जाता है।

मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने अपने सम्बोधन में क्लब को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और क्लब के द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यो की प्रशंसा की। क्लब अध्यक्ष कौशल कृष्ण ने बताया कि रोटरी क्लब मुजफरनगर मिडटाउन आगे भी ऐसे कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रो ममता अग्रवाल और डा. विनोद वर्मा रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग पंकज जैन अध्यक्ष, मनोज जैन (मंत्री) और कॉलेज प्रिंसिपल सारिका जैन का रहा। कार्यक्रम में अतुल अग्रवाल कोषाध्यक्ष निशांक जैन, विनय सिंहल, शैलेश कुच्छल, टीबी हॉस्पिटल से हेमंत यादव और विपिन शर्मा आदि समस्त रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर मिडटाउन परिवार उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में कॉलेज प्रधानाचार्य और पूरे स्टाफ और बच्चों का सहयोग मिला। क्लब सचिव नरेश शर्मा ने आने वाले सभी रोटेरियन साथियों का आभार व्यक्त किया।

## जन्माष्टमी महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



चरथावल, 27 अगस्त (बु.)। कस्बे के शिव चौक पर भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन अत्यंत धूमधाम से किया गया। महोत्सव में भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न झांकियों और नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मुख्य अथिति रेनबो एकेडमी के प्रबन्धक अभिषेक बंसल शामिल रहे। विशेष आकर्षण का केंद्र रही दही हांडी प्रतियोगिता में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें उत्साही दर्शकों का भी सहयोग मिला। इस सफल आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले श्री बाँके बिहारी सेवा परिवार के सदस्य ऋषभ बंसल, विशाँक गोयल, निमीष मित्तल, अपूर्व कंसल और प्रियांक भारद्वाज, विनायक गर्ग ने सामूहिक प्रयास से इस महोत्सव को यादगार बना दिया। चरथावल नगरवासियों ने इस आयोजन में बड़ी संख्या में भाग लिया और पूरे नगर में उत्सव का माहौल बना रहा। भगवान श्रीकृष्ण की लीला का गुणगान और उनकी महिमा का अनुभव करते हुए श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। श्री बाँके बिहारी सेवा परिवार का यह प्रयास सभी नगरवासियों द्वारा सराहा गया औरनगर के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन में एक नया उत्साह भर दिया।

### पूर्व विधायक सोमांश प्रकाश के निधन पर जताया गहरा शोक

**मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)। यूपी बैंक एम्पलाइज यूनियन कार्यालय में सदस्यों की एक शोक सभा साथी यशवीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें पूर्व विधायक सोमांश प्रकाश के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए कहा गया कि स्वर्गीय सोमांश प्रकाश बैंक कर्मचारियों से हमेशा जुड़े रहे। यूनियन के प्रत्येक समारोह में उनकी गरिमामय उपस्थिती हमें गौरांवित करती रहती थी। यूनियन के वरिष्ठ साथी एस के जैन से उनके घनिष्ठ संबंधों के कारण वह हमारे हर कर्मचारी के दिलों में वास किया करते थे और हमें संरक्षण की अनुभूति होती रहती थी। ऐसे समाजसेवी वयोवृद्ध नेता का हमारे बीच में न रहना एक हृदय विदारक घटना और अपूर्णीय क्षति है। परंतु मृत्यु एक शाश्वत सत्य है। इसे प्रभु की इच्छा होने के अतिरिक्त कुछ सोचा नहीं जा सकता। सभी सदस्यों ने प्रार्थना की कि परमपिता परमेश्वर उन्हें अपनी श्री चरणों में स्थान देखकर चिर शांति प्रदान करें। अंत में मौन रखकर पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।**

## पुलिस मॉडर्न स्कूल की शूटिंग रेंज को मिली उच्चस्तरीय शूटिंग पिस्टल



मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)। पुलिस मॉडर्न स्कूल मुजफ्फरनगर में वर्ष 2023 में शूटिंग रेंज स्थापित की गयी थी, जिसमें पुलिस परिवार एवं आमजन के बच्चों द्वारा शूटिंग अभ्यास किया जाता है। पुलिस मॉडर्न स्कूल के बच्चों द्वारा राज्य स्तर शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के फलस्वरूप उनका चयन राष्ट्रीय स्तर शूटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। बच्चों के बेहतर शूटिंग अभ्यास एवं प्रतिस्पर्धा हेतु आज एसएसपी अभिषेक सिंह द्वारा पुलिस मॉडर्न स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुधा शर्मा को उच्चस्तरीय पीपी-55 मैच प्रो शूटिंग पिस्टल प्रदान की गयी। साथ ही कहा गया कि शूटिंग रेंज से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल अवगत कराएं, जिससे उसका निस्तारण शीघ्रता से कराया जा सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपराध / नोडल अधिकारी पुलिस मॉडर्न स्कूल प्रशान्त कुमार प्रसाद, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, आदित्य बंसल उपस्थित रहे।

## शाहपुर में श्री आदर्श रामलीला महोत्सव की तैयारियां हुईं तेज

### इस बार वृन्दावन की विश्व प्रसिद्ध मंडली करेगी श्री रामलीला मंचन, पश्चिमी यूपी में अपना विशिष्ट स्थान रखती है शाहपुर की रामलीला

शाहपुर, 27 अगस्त (बु.)। बहु प्रतीक्षित श्री आदर्श रामलीला महोत्सव का एक बार फिर भव्य आयोजन होगा। लगातार पहली बार वृन्दावन की विश्व प्रसिद्ध कला मंडली के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का सजीव चित्रण देखने को मिलेगा एक पखवाड़े तक चलने वाले श्री आदर्श रामलीला महोत्सव का शुभारंभ आगामी 27 सितम्बर से होगा।

आयोजन को मूर्त रूप देने में कमेटी के पदाधिकारी जी जान से जुटे हुए हैं। श्री कृष्ण जन्माष्टमी शोभा यात्रा के अवसर पर श्री रामलीला का झंडा रोहण हो चुका है। पिछले कई दशकों से नगर के मेन बाजार स्थित श्री रामलीला मैदान में आयोजित होने वाला श्री राम लीला महोत्सव जनपद ही नहीं, अपितु पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां की रामलीला का मंचन दूर से दूर तक प्रसिद्ध है इतना ही नहीं शाहपुर का दशहरा मेला भी सदैव ख्याति अर्जित करता रहा है। श्री आदर्श रामलीला कमेटी शाहपुर ने राम भक्तों के आग्रह पर भव्य श्री राम लीला के मंचन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक श्याम पाल संगल भाई जी एवं अध्यक्ष सुनील मित्तल बताया कि इस बार श्री आदर्श रामलीला महोत्सव आगामी 13 अक्टूबर को भगवान राम के राजतिलक के साथ ही महोत्सव का समापन होगा। उन्होंने बताया कि इस बार श्री रामलीला का मंचन पावन वृन्दावन धाम की विश्व प्रसिद्ध श्री गिरिराज आदर्श रामलीला संस्थान द्वारा होगा इस कला मंडल के प्रमुख संदीप तिवारी हैं। यह कलाकार मंडली विश्व प्रसिद्ध बृजेश जी की मंडली का हिस्सा रही है। आदर्श रामलीला महोत्सव को लेकर नगर में हर्ष का माहौल है कमेटी के समस्त पदाधिकारी आयोजन की तैयारियों को मूर्त रूप देने में जी जान से जुटे हुए।

### घर-घर जाकर सदस्यता अभियान चलाएगी भाजपा

मीरापुर, 27 अगस्त (बु.)। कस्बे के पड़ाव चौक निवासी भाजपा नेता अरुण शर्मा के आवास पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के हरीश अहलावत पूर्व जिला महामंत्री व मंडल प्रभारी रविन्द्र बेनीवाल रहे तथा अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर व संचालन रकम सिंह मंडल महामंत्री ने की। कार्यशाला में सदस्यता अभियान के विषय मे विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 8800002024 पर मिस्ड कॉल व क्यू आर कोड व ऑफ लाइन द्वारा सदस्य बन सकते हैं तथा सभी बूथ अध्यक्ष को घर घर जाकर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। कार्यक्रम में अरुण शर्मा, पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी, रूप सिंह, मोहन सैनी, संजय गिरी, वरुण कपासिया, प्रदीप चौधरी, प्रतीक सैनी, अजीत तितोरिया, विनोद प्रजापति, प्रेम चन्द, रेखा माहेशवरी, अर्चना चौधरी, राजेंद्र रस्तोगी, अमित कौशिक, आशीष शर्मा, सचिन पाल, सतीश, मूलचन्द शर्मा, दिनेश सैनी उपस्थित रहे।

### सन्मति आईटीआई में लगा टाटा कंपनी का जॉब फेयर

मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)। सनमति औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बुढ़ाना मोड खांजापुर स्थित आईटीआई में मंगलवार को जॉब फेयर लगा। सन्मति प्राइवेट आईटीआई खांजापुर बुढ़ाना रोड मुजफ्फरनगर में आयोजित जॉब फेयर में संस्थान के अध्यक्ष प्रदीप जैन, ट्रस्टी ऋषभ जैन, यश जैन और अन्य स्टाफ व सदस्य मौजूद रहे। टाटा मोटर्स कंपनी स्टाफ ने आश्वासन दिलाया कि आपके द्वारा उत्तीर्ण कराए गए छात्रों का कंपनी हायर करने के लिए संस्थान में जॉब फेयर लगाती रहेगी और इन सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रदीप जैन ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आगे भी इसी प्रकार अन्य कंपनियों से भी हमारे यहां जॉब फेयर लगते रहेंगे।

## विवेकानंद यूथ अवॉर्ड को 10 सितम्बर तक होंगे आवेदन

मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)। योगी सरकार की पहल पर युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से अब राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ अवॉर्ड के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के महानिदेशक के जारी निर्देशों के क्रम में इच्छुक युवा 10 सितम्बर तक जनपद में विकास भवन स्थित कार्यालय में आवेदन जमा करा सकते हैं।

जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी ने बताया कि सरकार की पहल पर जनपद में उन युवाओं को ही पुरस्कार प्रदान करने के लिए चयनित किया जाएगा, जिन्होंने एक अप्रैल-23 से 31 मार्च-24 तक कोई सराहनीय कार्य किया हो।राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र यथा खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशा मुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा संयंत्र सथापना, स्वच्छता कार्यक्रम, साक्षरता, आपदा प्रबंधन, मतदाता जागरुकता, स्वास्थ्य, कला, संस्कृति और साहित्य, पर्यटन, खेल और शैक्षिक उत्कृष्टता एवं स्मार्ट लर्निंग आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को इस बीच चिन्हित करते हुए उनका जिला स्तर से प्रस्ताव बनाकर अनुशंसा के साथ 10 सितम्बर तक जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल कार्यालय विकास भवन द्वितीय तल पर उपलब्ध कराना होगा, ताकि इन पात्रों का समय रहते पुलिस सत्यापन समेत महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ को समय से भेजा जा सकें। उन्होंने स्पष्ट बताया कि इस योजना में पुरस्कार के लिए आवेदन करने वाले आवेदक की आयु 15 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

### आशा कार्यकर्ता दक्षता सुधार प्रशिक्षण का आगाज

मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त (बु.)। जनपद में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आशा कार्यकर्ता के दक्षता सुधार प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के बीच जनपद में वेक्टर जनित रोगों डेंगू मलेरिया व चिकनगुनिया से बचाव एवं रोकथाम तथा रैपिड जांच किटो द्वारा आशा बहू के माध्यम से उनके अधीनस्थ क्षेत्र में बुखार के रोगियों की जांच किए जाने संबंधी प्रशिक्षण दिया। जनपद में 25 आशाओं के अनुसार प्रत्येक बैच की क्षमता के क्रम में कुल 60 बैच स्वीकृत किए गए थे। इस प्रकार जनपद के समस्त ब्लॉकों में 6 बैच व नगरीय स्वास्थ्य इकाइयों के छह बैच में प्रशिक्षण प्रदान दिया गया। अभियान के तहत 8 अगस्त से जारी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 30 अगस्त को होना है। राज्य स्तर से प्राप्त प्रशिक्षण सामग्री के अनुरूप ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधिकारी एवं अध्यक्षों के निर्देशन में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मलेरिया निरीक्षकों एवं लैब टेक्निशियन जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण परामर्शदाता द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न फॉरमैट को भी समझाया तथा उन्हें ठीक प्रकार से भरना भी सिखाया गया।

## मकसूदाबाद में युवक से मारपीट का मुकदमा दर्ज

जानसठ, 27 अगस्त (बु.)। कोतवाली क्षेत्र के गांव मकसूदाबाद निवासी एक युवक ने गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देते हुए जानसठ कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता की कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के गांव मकसूदाबाद निवासी नितिन कुमार पुत्र ओमप्रकाश ने जानसठ थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही पंकज उर्फ मुखिया पुत्र भरत सिंह ने रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे जब वह अपने घर की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में पंकज ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पंकज उर्फ मुखिया पुत्र भरत सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 126 (2), 115(2), 352 व 351(2) में मुकदमा दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## इस बार जन्माष्टमी पर बुढ़ाना में लोग रहे अंधेरे मेंः संगल

बुढ़ाना, 27 अगस्त (बु.)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड ईकाई बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने आज मंगलवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि उनके आवास के पास बिजली का एक खम्भा लगा हुआ है। उस खम्भे पर एक माह से ट्यूब लाइट खराब पड़ी हुई है, जिससे सड़क पर अन्धेरा रहता है। जनहित में नगर पंचायत बुढ़ाना से माँग है कि इस खम्भे की ट्यूब लाइट रात में जलाई जायें। बीती रात जन्माष्टमी के शुभ पर्व पर पूरी रात सड़क पर अधेरा छाया रहा, पर किसी भी बिजली के कर्मचारी ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया, जिसको लेकर मौहल्ले के लोगों में बिजली विभाग के प्रति भारी रोष है। जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि पूरे प्रदेश में जन्माष्टमी पर्व पर 24 घंटे लाइट रहेगी, लेकिन यहां के बिजली विभाग ने बिजली भगाकर मुख्यमंत्री के आदेशों की खिल्लियां उड़ाने कि जो काम किया वह निंदनीय है। दूसरी ओर इस संबंध में जब विद्युत विभाग के नये जेई मनोज चौधरी से बात हुई, तो उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि बिजली सुचारू रूप से चल रही थी, लेकिन तेज आंधी तुफान के कारण और कुछ जगहों पर खम्भों के तार टूटने पर बिजली आपूर्ति कुछ देर के लिए ही बाधित की गयी थी, ताकि कोई बड़ी घटना ना हो सके। बिजली कर्मचारी आधी रात में फाल्ट ढूंढकर बिजली आपूर्ति बहाल कराई।

## कंगना के किसान विरोधी बयान पर भड़की आप, किया रोष प्रदर्शन

सिरसा, 27 अगस्त (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष हैप्पी रानियां के नेतृत्व में किसानों के खिलाफ बयान देने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के कथित किसान विरोधी बयान के विरोध में रोष प्रदर्शन किया। किसान विंग के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप भांभू व जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह बेगू ने भी इस प्रदर्शन की अगुवाई की। इस दौरान आप के कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आप के कार्यकर्ताओं ने कंगना रनौत के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की और कहा कि कंगना हरियाणा में आकर किसानों से माफी मांगे। आप किसानों के साथ गलत बयानबाजी बर्दाश्त नहीं करेगी। जिला अध्यक्ष हैप्पी रानियां ने कहा कि भाजपा सांसद कंगना रनौत पहले भी किसानों पर गलत बयानबाजी करती रही है।

## जम्मू-कश्मीर में सरकार इंडिया की बनेगी: फारूक अब्दुल्ला

श्रीनगर, 27 अगस्त (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि केन्द्र शासित प्रदेश में अगली सरकार इंडिया समूह की बनेगी। श्री अब्दुल्ला ने पार्टी उम्मीदवार गुलाम मोहिदीन मीर के दक्षिण कश्मीर के पुलवामा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र भरने के दौरान यह बात कही। श्री मीर ने आज पुलवामा निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। श्री अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस और इंडिया समूह के बीच गठबंधन मजबूत रहेगा और वह जम्मू-कश्मीर में अगली सरकार बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने के लिए जमात-ए-इस्लामी की सराहना करते हुए कहा कि यह विकास को प्रोत्साहित कर रहा है, इसके बजाय वे (जमात) किसी के भी पक्ष में मतदान करेंगे, उन्हें राज्य के विकास के लिए आगे आना चाहिए।

## हर की पैड़ी पार्किंग निर्माण: हाईकोर्ट से यथास्थिति के निर्देश

नैनीताल, 27 अगस्त (वार्ता)। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने तीर्थनगरी हरिद्वार के हर की पैड़ी के पास रोडी बेलवाला में पार्किंग के निर्माण पर यथास्थिति बनाये जाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही हरिद्वार नगर निगम और हरिद्वार जिला विकास प्राधिकरण को जवाब देने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने हरिद्वार निवासी जेपी बड़ोनी की ओर से दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई के साथ ये निर्देश दिये। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि हरिद्वार नगर निगम राधाकृष्ण अग्रवाल कमेटी की सिफारिशों के विपरीत हर की पैड़ी के पास एकमात्र उपलब्ध मैदान में बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण कर रही है। याचिकाकर्ता की ओर से आगे कहा गया कि यह मैदान शहर के बीचोंबीच एकमात्र मैदान है और कुंभमेला, कांवड़ मेला, महाशिवरात्रि और बड़े आयोजनों पर यहां भीड़ होती है और इस मैदान के चलते भीड़ को नियंत्रित करने में सहायता मिलती है।

## जम्मू-कश्मीर में भाजपा ने घोषित किये 29 उम्मीदवार

नई दिल्ली, 27 अगस्त (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के द्वितीय और तृतीय चरण के लिये अपने 29 उम्मीदवारों के नाम मंगलवार को घोषित कर दिये। पार्टी महासचिव अरुण सिं?ह ने आज यहां बताया कि भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन नामों को स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी और पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के संगठन महामंत्री बी एल संतोष, भाजपा महासचिव तरुण चुघ, भाजपा के चुनाव प्रभारी राम माधव, केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह, जम्मू-कश्मीर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रवीन्द्र रैना आदि उपस्थित थे। इससे पहले भाजपा ने सोमवार को केद्र शासित प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों के प्रथम चरण के लिए 15 उम्मीदवार घोषित किये थे।

## दिल्ली शराब घोटाले में बीआरएस नेता कविता को मिली जमानत

नई दिल्ली, 27 अगस्त (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली शराब घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज अलग-अलग मुकदमों में मार्च से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान पार्षद के. कविता को सशर्तो के साथ मंगलवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की खंडपीठ ने तेलंगाना की विधान पार्षद की ओर से दिल्ली उच्च न्यायालय के एक जुलाई के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसमें बीआरएस नेता को जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय का यह आदेश कि किसी महिला को जमानत में छूट सिर्फ इसलिए नहीं दी जा सकती, क्योंकि वह शिक्षित और स्वतंत्र है, गलत है। इसे रद्द किया जाना चाहिए।

## भूम्मा में त्यागी ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित

मीरापुर, 27 अगस्त (बु.)। भूम्मा गांव निवासी योगेश त्यागी के आवास पर मंगलवार को त्यागी ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्यागी ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने कहा कि मीरापुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए त्यागी ब्राह्मण समाज एकजुट हो जाए। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में एक बड़ा निर्णय लिया जाएगा। विदित त्यागी, रचित त्यागी, सतीश त्यागी, राकेश शुक्ला, मुरारी शुक्ला, आशु शर्मा, रवि शर्मा आदि मौजूद रहे।

